दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 02 अंक :- 12 मुरादाबाद 03 May 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ








## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अफसरों को निर्देश- ईद व अक्षय तृतीया पर सड़कों पर ना हो कोई आयोजन

लखनऊ- तीन मई को एक साथ तीन पर्व पडने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बेहद गंभीर है। अक्षय तृतीय, ईद तथा परशुराम जयंती के दौरान मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को प्रदेश में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर सख्ती करने का निर्देश दिया है। टीम-09 के साथ समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अफसरों को सभी धर्मगुरुओं से वार्ता का निर्देश देने के साथ ही कहा है कि अफसर देखें कि कहीं पर भी सड़क रोककर धार्मिक आयोजन ना हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तीन मई को ईद, परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया का पावन पर्व है। प्रदेश में वर्तमान परिवेश को देखते हुए पुलिस तथा प्रशासन को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हो



इसके लिए स्थानीय जरूरतों के अनुसार सभी जरूरी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ आदि निर्धारित स्थान पर ही हों। सभी जगह धर्मगुरुओं से संवाद बना कर सुनिश्चित करें कि सड़क मार्ग तथा यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती और ईद के अवसर पर प्रदेश में बिजली आपूर्ति सुचारू रखें। कहीं पर भी अनावश्यक कटौती न हो। इसके साथ ही उनका निर्देश है कि सभी धर्मिक स्थलों के आसपास स्वच्छता, पेयजल आदि के प्रबंध किए जाएं। लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश में सांप्रदायिक माहौल काफी बेहतर बना है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश में हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हो। उसी का परिणाम है कि प्रत्येक क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। एडीजी ला एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने कहा कि कल प्रतिबंधित पशुओं के आवागमन पर रोक रहेगी। किसी भी धर्मग्रंथ से बेअदबी पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक स्थलों से 60150 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। इसके साथ 2846 संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया है। प्रदेश में 46 कंपनी पीएसी तथा पैरामिलिट्री समेत फोर्स तैनात है।

## मोदी सरकार ने कैसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को कर दिया बर्बाद, यह केस स्टडी का विषय: राहुल गांधी

कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमकर निशाना साधा। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसका कुशासन इस बात उदाहरण है कि कैसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक को बर्बाद किया जाए। देश में भीषण गर्मी के मद्देनजर बढ़ती बिजली की मांग के बीच उन्होंने यह ट्वीट किया। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रमुख ने ट्वीट किया, 卐बिजली संकट। रोजगार संकट। किसान संकट। मुद्रास्फीति संकट। प्रधानमंत्री मोदी का आठ साल का कुशासन इस बात का एक उदाहरण है कि कैसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक को बर्बाद किया जाए। बुलडोजर रोककर देश के पॉवर प्लांट पर ध्यान दें गांधी



और उनकी कांग्रेस पार्टी ने बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर हमले तेज कर रखे हैं। इससे पहले उन्होंने कहा कि बीजेपी को नफरत का बुलडोजर रोककर देश के पॉवर प्लांट चलाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या देश के प्रधानमंत्री को देश और उसमें रहने वाले लोगों की चिंता है? राहुल ने आगे कहा कि बिजली संकट में देश में तबाही मचा रखी है। राहुल गांधी ने कहा, मैंने 20 अप्रैल को ही मोदी सरकार से कहा था कि उन्हें देश में नफरत का बुलडोजर छोड़कर पॉवर प्लांट शुरू करना चाहिए। देश में कोयले और बिजली की कमी की वजह से तबाही का माहौल पैदा हो गया है। मैं दोबारा ये बात कह रहा हूं कि बिजली और कोयले की किल्लत की वजह से छोटे उद्योग नष्ट हो जाएंगे। इससे और ज्यादा बेरोजगारी बढ़ेगी। छोटे बच्चे इस चिलचिलाती गर्मी को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीजों की जिंदगी दांव पर है। रेल और मेट्रो को रोकने से भारी वित्तीय नुकसान होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मन चांसलर ओलाफ शाल्ज के साथ बैठक की, भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा



बर्लिन, एजेंसियां। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां जर्मन चांसलर ओलाफ शाल्ज के साथ बैठक की। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों नेता भारत और जर्मनी के बीच सहयोग का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर कहा कि भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय सहयोग को विस्तार देने के लिए पीएम मोदी और जर्मन चांसलर शाल्ज ने बर्लिन में बैठक की। यही नहीं दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की भी बातचीत हुई। पीएमओ की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। इसमें व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक संबंधों को भी बढ़ावा दिया जाना शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मन चांसलर की उपस्थिति में गार्ड आफ आनर प्राप्त किया। अपनी तीन दिवसीय यूरोप यात्रा के पहले चरण में जर्मनी पहुंचे पीएम मोदी का बर्लिन में भारतीय प्रवासियों ने भी जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के उन सदस्यों का अभिवादन किया जो बर्लिन के होटल एडलान केम्पिंस्की में उनके आने की बाट जोह रहे थे। होटल में कई बच्चे अपने माता-पिता के साथ प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर मौजूद थे।प्रधानमंत्री मोदी के अभिवादन में भारतीय मूल के लोगों ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। बर्लिन में फेडरल चांसलर के लिए रवाना होने से पहले पीएम मोदी को भारतीय प्रवासियों ने बधाई दी। जर्मनी की यात्रा के दौरान पीएम मोदी और ओलाफ शाल्ज छठे भारत जर्मनी अंतर सरकारी परामर्श बैठक की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। एक उच्च स्तरीय गोलमेज बैठक भी निर्धारित है जहां प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर दोनों देशों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगे।नार्डिक देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए पीएम मोदी का मंगलवार को डेनमार्क जाने का भी कार्यक्रम है। पीएम मोदी की यात्रा का अंतिम पड़ाव पेरिस होगा जहां बुधवार को वह नवनिर्वाचित फ्रांसीसी राष्?ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। फ्रांस भारत का मजबूत सहयोगी देश है। ऐसे में पीएम मोदी और मैक्रों के बीच होने वाली बैठक पर दुनिया की नजरें होंगी।

### अवकाश सूचना

■ प्रिय सुधि पाठको ईद उल फित्र के उपलक्ष में अखबार का अबकाश रहेगा अब आपको अगला अंक 05/05/2022 को प्राप्त हो सकेगा- प्रधान संपादक

# राष्ट्रीय आजीविका मिशन श्रमिकों/गरीबों के लिए है वरदान-जिलाधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत नासिरगंज स्थित सेठ प्रभुदास निरंजन कुमार मेमोरियल इण्टर कालेज में ऐतिहासिक श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई, तथा उन्हें लाभान्वित भी किया गया। जिसमें भारी जनसमुदाय उपस्थित रहा चौपाल का शुभारम्भ जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। श्रमिक चौपाल में पहुंचने पर श्रमिकों, प्राचार्या एवं सद्भावना संस्था के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने जिलाधिकारी को अंगवस्त्र, गदा एवं गौतम बुद्ध भगवान की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मजदूरों के हक और अधिकारों को बताना तथा सरकार द्वारा श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं/सुविधाओं की उन्हें जानकारी देना तथा सरकार की



योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करना है। श्रमिक चौपाल में जिलाधिकारी ने वहां पर लगाये गये स्टाल क्रमशः बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, श्रम, उद्यान सहित तमाम विभागों द्वारा जो स्टाल लगाये गये थे उनका निरीक्षण किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 6 माह से ऊपर बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती महिलाओं एवं 6 माह से ऊपर नवजात शिशुओं का बेहतर देखभाल के लिए टिप्स भी दिया।चौपाल में उपस्थित ऐतिहासिक जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यहां तमाम विभागों के काउन्टर लगे है। इस दौरान जिलाधिकारी ने कुम्हार कला से मिट्टी के बर्तन बनाने वाले लोगों से भी बात कर उनका कुशलक्षेम जाना, तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जुड़ने की भी प्रेरणा दी, ताकि वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सके। श्रमिक चौपाल कार्यक्रम का संचालन सद्भावना के अध्यक्ष योगेन्द्रमणि त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन, खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा गौरव पुरोहित, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर, सहायक उपायुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्कर, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के प्रबन्धक अखिलेश कुमार, अंजू मौर्या, प्राचार्या काजल रिजवानी, प्रबन्धक बिट्टू रिजवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी तथा श्रमिकों का जनसैलाब उपस्थित रहा।

# तेज रफ्तार का कहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



■ एक ही परिवार के दो युवकों की मौत पर गांव में शौक की लहर

अलीगढ़ - थाना अकराबाद क्षेत्र के गंगीरी पनेठी मार्ग स्थित गांव शेखा के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो भाइयों को रौंदा दिया जिससे दोनों भाई गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई, युवकों की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। गांव शेखा निवासी 16 वर्षीय अरूण पुत्र भजनलाल अपने चचेरे भाई मोहित पुत्र शिशुपाल के साथ बाइक द्वारा जलाली से रात समय लगभग आठ बजे गांव आ रहा था, इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दोनों भाइयों को रौंद दिया, जिससे दोनों भाई गम्भीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा जहां उपचार के दौरान दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा घटना में शामिल अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई न होने पर एक ही परिवार के दो युवकों की मौत पर परिजनों में आक्रोश व्याप्त हो गया, जहां आक्रोशित लोगों ने पुलिस चौकी पनेठी का घेराव करते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मृतक युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा है। वही एसएचओ अकराबाद संजीव त्यागी ने बताया 5 लोगों के खिलाफ तहरीर आई है तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जा रही है

# बाइक सवार लुटेरे महिला से कुण्डल लूटकर फरार

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ -अकराबाद क्षेत्र की पनेठी चौकी छेत्र निवासी पुष्पा पत्नी नारायण निवासी जसरथपुर खेत पर भैंस चराने गई थी शाम करीब 3:00 बजे जीटी रोड पर दो अज्ञात बाइक सवार दो लोगों ने एक महिला से कुण्डल लूटकर फरार हो गए पनेठी की तरफ से एक गाड़ी अपाचे वाइट कलर पर दो लोग पीछे से आए दोनों के ने मुँह ढक हुआ था एक युवक बाइक चला रहा था पीछे बैठा युवक ने झपट्टा मारकर कुण्डल लूट कर अकराबाद की ओर फरार हो गए छीना झपटी में पीड़ित महिला के चेहरे पर खरोच व चोट आई है दोनों घटना घटित होते ही मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई 112 नंबर पर पुलिस को



सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा आप थाने में तहरीर दो फरार लुटेरों को पुलिस तलाश कर रही है एसएसपी कलानिधि नैथानी द्वारा अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के बावजूद भी लुटेरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस को खुला चैलेंज दे रहे हैं घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। 2 दिन पूर्व ई रिक्शा चालक से ई रिक्शा चले गए लेकिन आज तक कोई खुलासा नहीं हुआ वही देखा गया है 2 महीने में अब तक पांच लूट की घटना हो चुकी हैं

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव : अरविंद पंडित

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सर्व ब्राह्मण महासभा (पंजीकृत) राष्ट्रीय स्तर, नई दिल्ली के उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव अरविन्द पंडित ने प्रेस को जारी बयान के माध्यम से संबोधित करते हुए बताया के 3 मई दिन मंगलवार 2022 को भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष में सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में संपूर्ण भारत में राष्ट्र से लेकर सभी प्रदेशों के अंतर्गत जिला,नगर व ब्लॉक स्तर



की इकाइयों के द्वारा जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आयोजन इकाइयों की सुविधा अनुसार आयोजित किए जाएंगे जिनमें पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शीतल जल की प्याऊ, शरबत वितरण, अन्न प्रसादी वितरण आदि कार्यक्रम प्रमुख रहेंगे चूंकि भगवान परशुराम जी का अवतरण संपूर्ण लोक कल्याण हेतु हुआ साथ ही साथ ब्राह्मण समाज ने सदैव से प्रत्येक जाति,वर्ग,समुदाय के हित को ध्यान में रखते हुए स्वयं को आगे रखकर राष्ट्र के लिए हमेशा से सर्वोच्च बलिदान देने में आगे रखा है इसीलिए आज भी ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाने जा रहा है अतः राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जारी दिशा निर्देशन व कार्यक्रम के अनुरूप सभी जगह कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे

## प्रेमी संग फरार हुई प्रेमिका नहीं मिला सुराग

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ -थाना अकराबाद क्षेत्र की पनेठी चौकी क्षेत्र के गांव में दो प्रेमी जोड़े आपस में काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था प्रेम प्रसंग चलता रहा काफी समय बीत जाने के बाद आपस में बात इतनी बढ़ गई कि एक दूसरे के,विना जीने मरने की कसम खा ली और बीती रात युवक व लड़की 4-15 बजे गांव से फरार हो गए लड़की के पिता ने तहरीर देते हुए बताया हमारी लड़की गांव के ही एक लड़के,से, काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था प्रेमी के साथ चली गई उसी लड़की पर शक होने पर पुलिस को तहरीर दी है पुलिस ने जांच का भरोसा दिया है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 प्रशिक्षण सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर लम्बित शिकायतों के समाधान हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन



आई0जी0आर0एस0 पोर्टल स्वयं चेक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा निस्तारण आख्या टाइप किया हुआ ही अपलोड किया जाय तथा शिकायतकर्ता को अवगत भी कराया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी आशुतोष, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा सहित पुलिस विभाग, जनपद, तहसील एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के प्रचार-प्रसार हेतु जिलाधिकारी ने 4 एलईडी वाहनों को कलेक्टेªट से हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

## बाल विवाह की कुप्रथा समाज के लिए एक अभिशाप-डीएम




मुरादाबाद- प्राचीन समय से व्याप्त बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समूल नष्ट करने के लिए नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत जन जागरुकता लाने के लिए जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मुशायरा ग्राउंड से 4 एलईडी वैनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जनपद के 8 ब्लाकों में एलईडी वैनों द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह अर्थात् कम उम्र में लड़कियों की शादी करने से होने वाले नुकसान एवं समाज में ऐसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। एक एलईडी वैन 2 ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार का कार्य कर बाल विवाह उन्मूलन के लिए जन जागरण का कार्य करेंगी। उक्त जानकारी जिलाधिकारी ने एलईडी वैनों को रवाना करते हुए दी। उन्होंने बताया कि समाज में महिलाओं को सम्मान और स्वावलंबी बनाने के लिए शासन द्वारा मिशन शक्ति 4.0 का शुभारम्भ शासन द्वारा किया गया है। हमारा प्रयास है कि जन साधारण को बालिकाओं के महत्व का आभास करायें कि सृष्टि संचालन के लिए बालिकाओं का होना अनिवार्य है। जनता को यह भी बताने का प्रयास किया जा रहा है कि बालिकाओं की सुरक्षा के लिए लिंग की जांच न करायें और न दूसरों को जांच कराने के लिए प्रेरित करें। इसमें घर की महिलाओं को लड़कियों की अहमियत समझते हुए इस बुराई को रोकना होगा। उन्होंने बताया कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए आज जरुरी है कि लड़कियों की शादी बालिग होने पर 18 वर्ष से अधिक आयु में ही करें, क्योंकि कम उम्र में शादी करने से प्रसव के समय कम उम्र में मां बनने से मृत्यु का कई बार कारण होता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि 3 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर कई क्षेत्रों में शादी विवाह होने की परम्परायें हैं, और ऐसे बाल विवाह न हों इसके लिए जनता को जागरुक करना है। बाल विवाह समाज एवं नारी जाति के लिए एक अभिशाप है। हमें हर स्तर पर प्रयास करके शासन की अवधारणा एवं सोच के अनुरुप देश एवं समाज से बाल विवाह जैसी समाज विरोधी कुप्रथा को रोकने के लिए आगे आना समय की मांग है। इसीलिए जन जागरण की दृष्टि से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह उन्मूलन हेतु एलईडी प्रदर्शनों के माध्यम से जनता को जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए शासन स्तर पर काफी प्रयास हो रहे हैं। जनपद में भी बाल विवाह की रोकथाम हेतु टास्कफोर्स बनायी गयी है, जो सूचना मिलने पर कम उम्र की शादी को रुकवाने के लिए उसके मा-बाप और नाते रिस्तेदारों से बात करके शासन स्तर से कार्यवाही करवाती है। हमारा प्रयास है कि जनपद में बाल विवाह जैसी बुराई जड़ से समाप्त हो। इसी के लिए एलईडी वैन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोष्ठी, सेमिनार, निबंध, भाषण, आदि प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम विभिन्न स्तरों पर कराये जा रहे हैं।मिशन शक्ति अभियान 4.0 की विस्तार से जानकारी एवं कार्ययोजना बताते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने इस अवसर पर बताया कि शादी के समय लडकी की उम्र 18 वर्ष से अधिक एवं लड़के की उम्र 21 साल से अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद में बालविवाह टास्कफोर्स अपना कार्य पूरी जिम्मेदारी से कर रही हैं और कहीं से भी सूचना मिलने पर टास्कफोर्स के सदस्य तत्काल वहां पहुंचकर अपना कार्य और दायित्व सही से निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में जागरुकता लाने के लिए 4 एलईडी वैनों द्वारा प्रदर्शन किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हर घर तक बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए वातावरण सृजित हो। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही बाल श्रम राकेने एवं महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और संरक्षण हेतु शासन स्तर पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम हो रहे हैं।, जिनकों जनता तक पहुंचाने के लिए हम प्रयासरत हैं। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक सागर जैन, नगर मजिस्टेªट एम0पी0 सिंह, उप निदेशक सूचना सूचना जहांगीर अहमद, उप निदेशक प्रोबेशन आर0सी0 गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल के साथ अन्य अधिकारी एवं समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

# कमिश्नर - डीएम ने कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां वरतते हुए ईद-उल-फितर एवं अक्षय तृतीया मनाने की अपील की

मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने मुरादाबाद वासियों को ईद-उल-फितर एवं अक्षय तृतीया पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं मुरादाबाद- मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने ईद-उल-फितर एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर मुरादाबाद वासियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां वरतते हुए उक्त त्यौहार एवं पर्वो को मनाने की अपील की है। कमिश्नर एवं डीएम ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि ईद-उल-फितर का त्यौहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है तथा खुशियों का यह त्यौहार सामाजिक एकता एवं गंगा -जमुनी तहजीब को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाई चारे की भावना को बढाता है। उन्होंने कहा कि ईद का पर्व अमन चैन और सौहार्द का संदेश देता है,

तथा हमारी कौमी एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। अक्षय तृतीया के अवसर पर कमिश्नर एवं डीएम ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति में अक्षय तृतीया को अत्यन्त पुण्यदायी तिथि माना गया है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया की तिथि सभी शुभ एवं मांगलिक कार्यो के लिए उत्तम मानी जाती है तथा यह तिथि हमें घर्म और न्याय के मार्ग का अनुसरण करके लोक कल्याण एवं लोक मंगल का संकल्प पूरा करने हेतु प्रेरित करती है।

# लघु नाटिका के माध्यम से बताया श्रमिकों का महत्व




मुरादाबाद-सेंट मीरा अकादमी मानसरोवर ब्रांच में सोमवार को श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में ग्रुप डी के सदस्यों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाषण, उनके मनोरंजन के लिए गीत तथा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद उनके सम्मान के लिए विद्यार्थियों को उनके स्थान पर कार्य सौंप कर उन कर्मचारियों के प्रति प्रतिष्ठा, मान सम्मान का भाव समर्पित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका अक्षरी प्रकाश ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी भी देश की तरक्की उस देश के कामगारों पर निर्भर करती है। यह दिवस उन लोगों के नाम है, जो इस दुनिया के विकास की रीढ़ हैं। अगर श्रमिक न होते तो आधुनिकता की जिस चमक पर हम गर्व महसूस करते हैं, वह अस्तित्व में न होती। इस अवसर पर विद्यालय की वित्त प्रबंधिका पर्णिका प्रकाश और प्रधानाचार्य नीरज चौधरी के साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

www.knlslive.com

# ठाकुरद्वारा में कोविड-19 के मॉक ड्रिल में चालू मिला ऑक्सीजन प्लांट



मुरादाबाद-आरोग्य मेला में बड़ी संख्या में रोगियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। उधर कोविड-19 यह मॉक ड्रिल में ऑक्सीजन प्लांट चालू हालत में मिला लेकिन सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर एसीएमओ ने स्टाफ से कड़ी नाराजगी जताई। शरीफ नगर नन्हू वाला और रतूपुरा के राजू पुर मिलक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। एसीएमओ डॉ राम किशोर ने मेलों का निरीक्षण करने पर पाया कि काफी बड़ी संख्या में लोग मेलों में पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ उठाया। उधर कोविड-19 के मॉक ड्रिल में एसीएमओ प्रवीण श्रीवास्तव ने पाया कि ऑक्सीजन प्लांट चालू हालत में है। उपकरण और कंसंट्रेटर भी ठीक काम कर रहे हैं। सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर उन्होंने स्टाफ से नाराजगी जताते हुए कमियों में सुधार करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ मोहम्मद असलम, फार्मेसिस्ट सुनील मोहन, स्टाफ नर्स सुनीता आर्या, मेडिकल ऑफिसर डॉ रीता आदि मौजूद रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM


इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Human seed bank

There are constant dangers looming over the earth. Every year thousands of meteorites come towards the earth and sometimes scientists also feel threatened. Scientists have also been looking for ways to deal with the danger posed by meteors. NASA is wondering whether a dangerous meteorite can be destroyed with the help of nuclear weapons before it hits the Earth? Can the direction of the meteorite be reversed by rocket boosters etc.? Not much work has been done on both the measures so far. But scientists also think that if a more dangerous meteorite ever hit the Earth, what would happen? What would happen if the humans of the earth died out? One solution came from an American entrepreneur, which is quite interesting. Entrepreneur Ben Huldman is the founder of a startup called Lifeship, which has only one mission – to create a human seed bank. In other words, human DNA will be stored in this bank. This bank will be established on the moon. If human beings on this earth end, then this bank will be helpful in restarting human civilization. If not a single person is left, then what will happen to the bank? This has also been considered. In that case, sometime creatures or aliens from some other planet will come and reach the moon and with the help of that bank will recreate a beautiful creation like a human being. In the event of destruction on Earth, only the human seed bank will keep the possibility of humanity's rebirth alive. Lifeship, a company that saw such a dream, was established in 2019. This company offers to send people's DNA to the moon in the form of saliva. It's a one-way ticket to the moon for $99 for you or your drool. Your saliva on the moon will remain in the human seed bank forever. From a scientific point of view, it is the task of preserving human data or the core of human existence forever. It is possible to establish such a bank in different parts of the solar system and perhaps even beyond. This company is going to send the first consignment of human DNA to the moon in the middle of this year. The preparations for the first flight have been completed, the boarding has stopped. Boarding is underway for the second flight, which will depart later this year. This effort to create a bank of human DNA is not alone. Just last year, University of Arizona scientist Jaken Thanga and his team came up with a plan. Under this, the need to preserve not only human beings, but also the seeds of other living beings has been told. About 50 samples will be taken from each of the 67 lakh species, which means it will take about 250 rocket launches to take at least 33.50 million samples to the moon. It will cost six times the cost of building the International Space Station. But when the fear of destruction has started haunting the human beings, then whatever a person does to save himself, there is little. If we look at the government level, Norway has made a similar effort, a huge collection of plant seeds has been created near the Arctic. Well, in today's time, it is more important to stop any kind of destruction than to think about the aftermath of destruction.

## Lock Upp: Anjali Arora went to Hookah Cafe after hitting the tuition bunk in class 11th, then something like this attempted suicide

Controversial reality show Lock Up is inching towards its finale. In such a situation, the competition between the contestants present inside the show is also getting tough. On the other hand, there is a Judgment Day episode inside the lock up on Sunday. In this episode, the host of the show, Kangana Ranaut interacts with all the contestants and keeps working to reveal the secret about them. So far in this atrocious jail of Kangana Ranaut, many contestants have made shocking revelations. Now Anjali Arora has once again made a shocking disclosure about herself. Anjali Arora has spoken many times about her personal life in lock up. Now she has revealed that she tried to commit suicide when she was in class 11th. Anjali Arora told that she had studied with her brother and her brother was very protective for her. Once when Anjali Arora was in class XI, she once bunked her tuition and was smoking hookah in a cafe, where Anjali Arora's brother's friend saw her and called her brother. Anjali further said that her brother reached the spot, slapped her in front of everyone and took her home. Anjali further told that her brother did not listen to her and told everything to her father. The father scolds them and even told that from the next day Anjali will not be allowed to go out and her studies will be stopped. Anjali Arora then revealed that she had tried to commit suicide by drinking phenyl. He said that for an hour no one knew what had happened and then it was his brother who took him to the hospital. However, Anjali Arora has said that her brother and father have always loved her. After this, Kangana Ranaut scolds him saying that he should not think that he has taken the right step by doing so. Apart from this, Anjali Arora has talked a lot about herself. Let us tell you that the lock up of Kangana Ranaut's show is going to end soon.



## Lock Upp: Kangana Ranaut revealed the big secret of life, this thought came at the age of 8

New revelations and controversies keep happening every day in the Kangana Ranaut hosted show 'Lockup'. Before getting eliminated, Kangana Ranaut gives every contestant a chance to stay in the show by telling a secret of her life. Apart from this, she herself often reveals on the secret show of her life. In Sunday's episode, Kangana Ranaut spoke about her childhood in her hometown Himachal Pradesh and how her cousins ??kept questioning how she dresses up and who she meets. Kangana Ranaut reveals this secret of life“Kangana Ranaut reveals this secret of her life after Anjali Arora told about her class 9 suicide attempt. Kangana Ranaut said, 'There is such a culture in North India. I grew up there so I understand. I used to have a lot of fights with my cousins ??because they used to go to my house and tell where I had gone, how I was talking to whom even though they had nothing to do with our family.' Kangana wanted to run away from home as a child- Kangana Ranaut said, 'My cousins ??used to stand near other colleges and watch the girls but we used to beat up people if their college boys also came near our college. ' Kangana Ranaut told, 'I packed my bags first and I wanted to run away from my house at the age of 8. Everyone gets such thoughts but only weak and timid people take such action. Anjali Arora had attempted suicide - Talk about the story told by Anjali,



# हिन्दू उत्थान व हिन्दू धर्म से विमुख हो रहे अपने समाज के लोगों को लेकर चिंता करे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विश्व हिन्दू परिषद/बजरंग दल एटा के तत्वाधान में होटल इंद्रप्रस्थ रेलवे रोड एटा में जिला और सभी प्रखंडों की बैठक रखी गई बैठक में मुख्य वक्ता के रूप मे श्रीमान राकेश त्यागी जी प्रांत पालक, विभागाध्यक्ष श्रीमान अरविंद सिंह चौहान जी साथ जिला मंत्री प्रभात कुलश्रेष्ठ जी रहे श्रीमान त्यागी जी ने बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से हिन्दू उत्थान व हिन्दू धर्म से विमुख हो रहे अपने समाज के लोगों को लेकर चिंता करे, मंदिरों में पूजा से हो रहे हमारी इस नई पीढ़ी को कैसे लाया जा सकता हैं हजारों सालों से कभी मुगल कभी अंग्रेजो द्वारा जो हिन्दू धर्म को छति हुई उसे कैसे पूरा किया जाए की ओर ध्यान केंद्रित किया बैठक में कुछ संगठनात्मक




दायित्वों की भी घोषणाएं श्रीमान अरविन्द भाई साहब के द्वारा की गई जिसमें जिला कार्यवाह अध्यक्ष सुधाकर गुप्ता, जिला मठ मन्दिर प्रमुख आचार्य सुखदेव जी गिरोरा मंदिर से जिला बजरंग दल सह संयोजक दायित्व के लिए रितिक राठौर, अनुभव गुप्ता को दिया गया अन्त में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया बैठक में जिला सहमंत्री शिवांग गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी वार्ष्णेय, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका निशा चौहान, माधवी उपाध्याय, सुभाष पाल, प्रशांत पाठक, विजय गुप्ता, अभिनव कुलश्रेष्ठ,पवन कुमार, मुकेश साहू, अभय गुप्ता, गौरव राजपूत, हृदेश सोलंकी, राजेश चौहान, अमन जैन, राजेश बाबू , सुजल गुप्ता बृज किशोर राठौर, बॉबी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एटा में शादी से लौट रहे तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत, गांव में पसरा मातम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में एक सड़क हादसे में तीन बाइक सवारों की मौत हो गई। तीनों लोग एक ही गांव के थे। पड़ोस के गांव में शादी में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। मामले की जानकारी परिजनों को दी गई है। पड़ोस के जनपद फिरोजाबाद के थाना एका क्षेत्र के गांव नगला गडरिया निवासी सुखराम ( 25 ) पुत्र हरदयाल की फुफेरी सास की बेटी की एटा के थाना रिजोर क्षेत्र के गांव सराय में शादी थी। वे अपने साथ गांव के ही सोनेलाल ( 40 ) पुत्र दामोदर सिंह, योगेश ( 19 ) सुम्मेर सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर गया। रविवार की देरशाम को बाइक पर सवार होकर गांव के लिए जा रहे थे। बाइक सवार तीनों लोग शिकोहाबाद रोड स्थिति डीपीएस स्कूल के पास पहुंचे तभी किसी वाहन ने टक्कर मार दी।

हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई। जब तक पुलिस पहुंची तब तक मौके पर योगेश और सोनेलाल ने मौके ही दम तोड़ दिया। सुखराम को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर दर्जनों की संख्या में लोग एटा पहुंच गए। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एक साथ गांव में तीन लोगों की मौत से गांव में मातम छाया है।

# सैलई संकटमोचन धाम में मनाया जा रहा 32 वां वार्षिक समारोह!



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज।समीपवर्ती गाँव सैल ई में 30 अप्रैल से कलशपूजन, मन्दिर परिक्रमा, देव आवाहन, ग्राम शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ वार्षिक कार्य क्रम के आज दूसरे दिन न्याय पालिका से समाज की अपेक्षाऐ विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया! जिसमें उच्च न्यायालय , इलाहाबाद, लखनऊ खण्ड पीठ की न्याय मूर्ति सरोज यादव थी, विशिष्ट अतिथि , ए. एन. मित्तल पूर्व अध्यक्ष विधिक सेवा उ. प्र.तथा जिला जज दिवेश कुमार सावंत थे, मुख्य वक्ता अंकित मिश्रा एडवोकेट थे

कार्य क्रम का संचालन श्री कृष्ण शरद एवं गृह मंत्रालय के सलाह कार आर. बी शर्मा ने किया, न्याय मूर्ति पी.एन. पाराशर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा ट्रस्टी डॉ सुरेन्द्र गुप्ता ने आभार व्यक्त किया!

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष स्व0 पुणेन्द्र सोलंकी को प्रथम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय पूर्णन्द सिहं सोंलकी की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रात: बेला में मालगोदाम रोड स्तिथ भोजन बैंक पर गरीब असहाय लोगों को भोजन कराया गया आदर्श पब्लिक स्कूल सहावर गेट पर श्रद्धांजलि समारोह रखा गया जिसमें उनके अनेकों चाहने वालों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्ञान तिवारी ने कहा कि पुणेन्द्र सोलंकी जैसे लोग जमीन पर कभी कभी जन्म लेते हैं उसे भारतीय जनता पार्टी के साथ साथ हर समाज का व्यक्ति वर्षों वर्षों तक याद करेगा ! भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पुणेन्द्र सोलंकी का समाजसेवा तथा राजनैतिक क्षेत्र में जो योगदान रहा है उसके लिए हमेशा याद रखा जाएगा ! भाजपा के मण्डल प्रभारी एवं विश्व



क्षत्रिय परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पुंढीर ने कहा कि क्षत्रिय समाज मे जन्मे पुर्णेन्द्र सोलंकी को समाज हमेशा याद करता रहेगा ! क्षत्रिय समाज का उभरता हुआ सूरज अल्पायु मे हमारे बीच से चला गया ये दु:ख जन जन के दिलो में हमेशा रहेगा ! उक्त कार्यक्रमों में राकेश अग्रवाल,अभिषेक माहेश्वरी, नितिन शर्मा ज्ञान तिवारी, कौशल साहू, राकेश अग्रवाल, प्रवेंद्र राना, अभिषेक माहेश्वरी,संजय पुंढीर, अनुपम यादव, मनोज सोलंकी, डॉ सुरेंद्र गुप्ता,ब्रजेश उपाध्याय, जीतू अग्रवाल, मधुर माहेश्वरी, प्रचुर मित्तल, रवि अग्रवाल, नितिन शर्मा, मोहित साहू, अमित गुप्ता सोनू, अनिरुद्ध प्रताप, हिमांशु, अवधेश, अमित माहेश्वरी, राजू दिनेश, मोहन,मधुर माहेश्वरी, सौरभ वर्मा, दीपक कुशवाह, यतेंद्र कुशवाह,आकाश सक्सेना, अभिषेक पुंढीर, अनुराग पुंढीर,जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे

WWW.KNLSLIVE.COM

# रोडवेज ने साइकिल सवार को मारी टक्कर,मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा थाना कोतवाली मलावन क्षेत्र के अंतर्गत हरचंदपुर कला जीटी रोड एटा पर गेहूं लेकर चक्की पर जा रहे प्रताप सिंह पुत्र भगत सिंह ( उम्र 30 )को रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान 30 वर्षीय युवक की हालत गंभीर ने किया हायर सेंटर रेफर जहां उसने उपचार के दौरान तोड़ा दम मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा है।

# अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 28 वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा पुलिस को मिली सफलता, एटा पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 28 वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निर्देशन में वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से *28 वारंटी अभियुक्तों को* गिरफ्तार किया गया है। थाना कोतवाली देहात टीकाराम पुत्र भोजराज नि0 गाजीपुर पहोर थाना



कोतवाली देहात एटा मजीद पुत्र मोहम्मद अली नि0 प्रवास थाना कोतवाली देहात एटा सत्यवीरपुत्र महेन्द्र सिंह नि0 समदपुरा थाना कोतवाली देहात एटा प्रसाद पुत्र सहदेव नि0 समदपुरा थाना कोतवाली देहात एटा। रघुराज पुत्र तेजपाल नि0 मानपुर थाना कोतवाली देत एटा आनन्द कुमार पुत्र राजवीर सिह नि0म0 जगरूप थाना कोतवाली देहात एटा पप्पन उर्फ सुकुमार पुत्र रामस्वरूप नि0 ग्राम मिलावली थाना कोतवाली देहात एटा मझले उर्फ शिवनन्दन पुत्र राजबहादुर नि0 मिलावली थाना कोतवाली देहात एटा थाना निधौली कलां प्रिंस पुत्र राजेश 2.सुरेश चंद्र पुत्र गयाप्रसाद सागर पुत्र ओंकार निवासी गण कस्बा व थाना निधौली कलां। दुर्वेश पुत्र बदन सिंह 5.संजय पुत्र बदन सिंह निवासी गण दादरी थाना निधौली कलां एटा. थाना बागवाला रंजीत पुत्र अनोखेलाल निवासी लाभेंटा थाना बागवाला जितेंद्र पुत्र बाबूराम निवासी नगला बुधिया थाना बागवाला धर्म सिंह उर्फ धर्म वीर पुत्र हजूरी निवासी कस्बा व थाना बागवाला हुकुम सिंह पुत्र महिलाल निवासी खड़ौआ थाना बागवाला संतोष पुत्र रामसनेही धरमवीर पुत्र रामसनेही निवासी गण किलरमऊ थाना बागवाला। थाना मिरहची वीरेंद्र पुत्र मुलायम सिंह निवासी नगला मोती थाना मिरहची एटा।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## संरक्षित गौवंश के लिये भूसा बैंक बनाई जाये- मा. मंत्री धर्मपाल सिंह

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- प्रदेश के माननीय मंत्री पशुधन, दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, नागरिक सुरक्षा श्री धर्मपाल सिंह ने मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं में जितने भी गौवंश हैं, उनके लिये पूरे वर्ष की खपत के हिसाब से भूसा बैंक की व्यवस्था की जाये । उन्होंने कहा कि गौशालाओं में गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी, विद्युत, छांव, हरा चारा आदि की व्यवस्था की जाए। मा. मंत्री जी ने मण्डलीय पशु मुख्य चिकित्साधिकारी तथा ब्लाक स्तर पर तैनात डाक्टरों को निर्देश दिये कि वे जनप्रतिनिधियों



से सम्पर्क कर भूसा इकट्ठा करने का प्रयास करें। मा. मंत्री जी ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गायों के लिए कम से कम 10 कुन्तल भूसा देकर सहयोग करें। उन्होंने ब्लाक प्रमुखों से भी कहा 5 कुन्तल भूसा गौशालाओं में दान देकर सहयोग करें। माननीय मंत्री जी ने कहा कि देसी गायों की नस्ल को बढ़ाया जाये। उन्होने कहा कि देसी गाय का दूध अधिक पौष्टिक एवं लाभदायक होता है। उन्होंने मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि निराश्रित गौवंश छुट्टा घूमता हुआ न दिखाई दे। उनको संरक्षित कर गौशालाओं में रखा जाये। मा. मंत्री जी ने कहा कि संरक्षित गायों को धूप, बरसात, लू से बचाने के लिए अधिक से अधिक प्रयास किया जाये। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि संरक्षित गौवंशों का समय समय पर पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करते हुये बीमार पशुओं का इलाज किया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि संरक्षित गौवंशों का समय से टीकाकरण भी किया जाये। मा. मत्री जी ने निराश्रित गौवंश संरक्षण के सम्बन्ध में समस्याएं सुनते हुए समस्याओं का निवारण भी किया, और मा. मंत्री जी ने निराश्रित गौवंश को संरक्षित रखने हेतु सुझाव भी लिये। बैठक के दौरान मा. मंत्री जी ने गौवंश संरक्षण कार्यक्रम में भूसा क्रय/दान में प्राप्त करने हेतु अभियान चलाया गया था जिसमें बरेली मण्डल बिलसण्ड/पीलीभीत के पशु चिकित्सा अधिकारी डा. जगदेव सिंह द्वारा कृषकों से 321 कुंतल भूसा दान में प्राप्त किये जाने पर मा. मंत्री जी ने उनको प्रशस्ति पत्र दिया

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM

## गुमशुदा हुए पिता के इंतजार मैं बैठा है विकलांग बेटा,ईद पर उसके पिता नए कपड़े लेकर आएंगे

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-छीपीटोला काला इमामबाड़ा थाना किला बरेली कहां है करामत हुसैन पुत्र साबिर हुसैन अलीगढ़ में आवास विकास परिषद में सरकारी कर्मचारी नियुक्त थे रिटायरमेंट होने के बाद अपने पिता के मकान में जीवन गुजार रहे थे ईद का त्यौहार आने वाला था छोटा पुत्र जो पूर्ण रूप से विकलांग था पिता का चाहिता बेटा था जिसके नए कपड़ों के लिए जनपद



अलीगढ़ बैंक से निकालने हेतु गए क्या अपने पुत्र को खुशी दे सके भविष्य में क्या पता था के करामत हुसैन आज तक वापस नहीं आ पाएंगे विकलांग पुत्र इसी तरह से रहा देखता रहा थाना किला द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी लेकिन सवाल यह बनता है जो व्यक्ति अलीगढ़ में 58 साल के कार्य नियुक्त रहा जिसका प्रत्येक मकान जनपद अलीगढ़ से बरेली आना-जाना रहता था उस व्यक्ति के साथ क्या हुआ प्रश्न नंबर 1 जब व्यक्ति अपने बैंक से पैसा निकालने गया था सरकारी पासबुक व कागजात साथ में थे तो किसी भी अनहोनी की सूचनापरिवार तक क्यों नहीं मिली प्रश्न नंबर दो अलीगढ़ में नौकरी के समय बरेली आना जाना लगा रहता था फिर इस प्रकार की घटना क्यों नहीं हुई अपने पिता के पृथक मकान निर्माण के 6 महीने बाद हादसा या घटना माने करामत हुसैन के पिता के पास जमीदारी भी परिजनों को खटक रही थी गुमशुदगी का बड़ा कारण भी हो सकती है उस विकलांग पुत्र का क्या दोष जो आज भरी नजर से अपने पिता का इंतजार कर रहा है

## पर्यटन के नाम पर कही पतालकोट सहित आदिवासियों की जमीन पर कब्जा ना हो जाये

रोशन उईके

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एमपी -तामिया को पर्यटन के नाम पर कही पतालकोट सहित आदिवासियों की परंपरा, दैनिक जीवन, एवं उनकी जमीन पर कब्जा ना हो जाये पहले भी पर्यटन के नाम पर करोड़ों की जमीन स्थानीय भारिया, गोड युवाओ को रोजगार के नाम पर प्रायवेट युरेका कपंनी को 20 सालो के लिये लीज पर दे दिया गया अब पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस से लगी सरकारी जमीन, पतालकोट के चिमटीपुर फारेस्ट रैस्टहाउस के आसपास की जमीन भी 30सालों के लिये लीज पर देने की तैयारी मे सरकार, प्रशासन क्या महंगे, होटल, लांज, से टुरिज्म बढ़ेंगे क्या स्थानीय



लोगो को इसका फायदा मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिल पायेगा या पहले की सरकार ने रोजगार के नाम पर आदिवासियों की जमीन कौडी के भाव लेकर करोड़ों मे बेच दी लींज के नाम पर पर्यटन के नाम पर आदिवासियों की जमीन पूजीपतियों को देने की तैयारी तो नही देखना यह होगा सरकार, प्रशासन स्थानीय लोगो के लिये क्या कर पाती फिलहाल कहना मुश्किल है।

## आल इंडिया सीनियर बॉलीबाल टीम में जिले के अम्बर पांडेय का चयन

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर -दतिमा मोड़- जिले के बिश्रामपुर जैसी छोटी जगह से लगातार मेहनत लगन ओर संघर्ष के दमपर पहले इंडियन रेलवे में बनारस बी एल डब्लू में में भर्ती हुई और अब आल इंडिया सीनियर बॉलीबाल टीम में चयनित हो कर अम्बर पांडेय ने जिले का बढ़ाया मान, अम्बर बिश्रामपुर चोपड़ा कॉलोनी निवासी प्रेमशंकर पांडेय के सुपुत्र है अम्बर ने अपनी प्राम्भिक शिक्षा राजकुमार पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर से की खेल में स्कूल के समय से ही रुचि होने के कारण परिवार ने हमेशा प्रोत्साहित भी किया परंतु परिवारिक स्तिथि उतनी अच्छी नही होने के कारण काफी संघर्ष भी करना पड़ा ओर लगातार मेहनत और लगन के दम पर स्पोर्ट कोटा से रेलवे में नोकरी हासिल की ओर खुद को ओर परिवार को मजबूत किया और नोकरी मिलने के बाद भी लगातार अपने लक्ष्य ओर रुचि की ओर अग्रसर रह कर खेल नही छोड़ा और आज आल इंडिया सीनियर बॉलीबाल टीम के सदस्य बन गए,अम्बर लगातार जिले का मान राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा कर अपने परिवार ओर जिले को गौरान्वित कर रहे है अम्बर ने अपने कामयाबी का श्रेय अपने माता पिता, गुरु जनों तथा प्रमुख रूप से अपने कोच सोमनाथ दास गुप्ता को दिया।

## उपायुक्त मनरेगा ने भूमि समतलीकरण और तालाब गहरीकरण के कार्यो का लिया जायजा

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही-आयुक्त कार्यालय ग्रामीण विकास विभाग रायपुर में पदस्थ उपायुक्त मनरेगा श्री आर के शर्मा ने आज जिले में मनरेगा के तहत चल रहे विभिन्न कार्यो का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद पंचायत गौरेला के ग्राम पंचायत लालपुर में भूमि समतलीकरण एवं ग्राम पंचायत भदौरा में सूरजहा तालाब गहरीकरण और जनपद पंचायत मरवाही के ग्राम पंचायत दर्री में सगरा तालाब गहरीकरण का अवलोकन किया। श्री शर्मा ने मजदूरों की उपस्थिति, मास्टर रोल, भुगतान आदि की जानकारी ली। उपायुक्त श्री शर्मा ने जनपद पंचायत गौरेला के सीईओ श्री यशपाल सिंह से तकनीकी समस्याओं के बारे में भी पूछताछ की। इस अवसर पर प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी श्री विजेंद्र बलभद्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के सभी 166 ग्राम पंचायतों में 1 से 15 मई तक स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना को गति प्रदान करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से जिले के सभी 166 ग्राम पंचायतों में 1 से 15 मई तक स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। क्लेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के तीनों जनपद पंचायतों गौरेला, पेण्ड्रा एवं मरवाही के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर स्वच्छता गतिविधियां आयोजित करने कहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान घर-घर सम्पर्क कर लोगों को शौचालय का निरंतर उपयोग एवं उचित रख-रखाव हेतु प्रेरित किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी तथा इसे लागू कराते हुए कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। स्वछता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता संबंधि नारों का तथा दीवाल लेखन किया जाएगा एवं सार्वजनिक स्थानों में साफ-सफाई के लिए सामूहिक श्रम दान किया जाना है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) अधिसूचित ग्राम पंचायतों सेमरा, पतगवां एवं सिवनी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु महिला स्व सहायता समूह के साथ सम्पर्क स्थापित कर पृथक्करण (सेग्रिगेशन) का कार्य किया जाना है।

अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM